## महत्वपूर्ण एवं खास

### विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड सात दिनों के लिए बढ़ी

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड कोर्ट ने फि र 7 दिनों के लिए बढ़ा दी है। विधायक यादव अब 17 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे। बता दें कि बलौदाबाजार हिंसा मामले में पुलिस ने 17 अगस्त को देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया था। मामले में सोमवार को रिमांड खत्म होने पर फिर से सीजेएम कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने 17 सितंबर तक उनकी रिमांड बढ़ा दी है। कोर्ट ने चौथी बार देवेन्द्र यादव की रिमांड बढ़ाई है। बता दें कि बलौदा बाजार जिले के गिरौदपुरी में सतनाम समाज के आस्था के केंद्र अमर गुफा में स्थित महकोनी मंदिर परिसर में आसामाजिक तत्वों ने जमकर तांडव मचाया था। जैतखाम में तोडफ़ ोड़ की घटना से आक्रोशित समाज के लोगों ने सीबीआई जांच की मांग की थी। इस मामले में पुलिस ने संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है। राज्य सरकार ने पहले ही जैतखंभ तोडफ़ोड़ की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए थे। वहीं इस मामले को लेकर समाज के लोगों ने हिंसक प्रदर्शन किया था। मामले में विधायक देवेंद्र यादव पर जनता को भडक़ाने का आरोपी लगा था और इस मामले में देवेंद्र यादव समेत सैकड़ों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### सारंगढ़ के वार्ड 2 और ग्राम जिल्दी के लिए आंगनबाड़ी सहायिका हेतु 18 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के सारंगढ़ परियोजना अंतर्गत नगरपालिका क्षेत्र सारंगढ़ के वार्ड 02 के लिए और ग्राम जिल्दी के आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए आंगनबाड़ी सहायिका पद की भर्ती हेतु अंतिम तिथि 18 सितम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना, गायत्री मंदिर के पीछे सारंगढ़ में आवेदन पत्र आमंत्रित है। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए योग्यता आठवी उत्तीर्ण निर्धारित है। इसी प्रकार आवेदिका को संबंधित गांव या वार्ड या नगरपालिका का निवासी होना चाहिए। गांव या नगरपालिका के मतदाता सूची में नाम दर्ज हो, निवास प्रमाण पत्र में गांव के निवासी के लिए सरपंच और सचिव दोनों का हस्ताक्षर होना चाहिए या पटवारी का हस्ताक्षर होना चाहिए। इसी प्रकार नगरपालिका क्षेत्र में निवासी के लिए वार्ड पार्षद या पटवारी का हस्ताक्षर होना चाहिए। आवेदिका की उम्र 18 से 44 वर्ष तक होनी चाहिए। सभी दस्तावेज 8वी की अंकसूची, वोटर आईडी, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि के फोटोकॉपी में स्वयं के हस्ताक्षर कर स्वप्रमाणित होना चाहिए।

### बालिका गृह में 16 साल की युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, पुलिस जांच जारी

**कोरबा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन संचालित बालिका गृह में एक 16 साल की किशोरी ने बाथरुम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बालिका गृह प्रबंधन ने सिविल लाइन थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। नाबालिग के आत्महत्या के कारण का अभी पता नहीं चल है। घटना की सूचना जिला प्रशासन को भी दी गई है। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर पीएम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान ने जानकारी दी है कि बालिका गृह में बालिका ने बाथरूम में फांसी लगाकर खुदकुशी की है। सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। पुलिस जांच के बाद किशोरी के आत्मघाती कदम उठाने के कारण का पता चल। मामला महिला बाल विकास विभाग द्वारा एकीकृत बाल संरक्षण योजना के तहत संचालित बालिका गृह का है, इसलिए काफी संवेदनशील है।

# भारी बरसात से बस्तर संभाग के कई भागों में बिगड़े हालात, अनेक गांवों का संपर्क टूटा, 20 से ज्यादा मकान गिरे

- संभाग के सुकमा जिले में कई नदियां उफान पर
- शबरी, चकाबुका नदी उफान पर, पुलों पर पानी
- राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर आवागमन हुआ बाधित

**जगदलपुर-रायपुर | आरएनएस**



पिछले चौबीस घंटे से बस्तर संभाग के बड़े भाग में जमकर बरसात हो रही है। बरसात का सर्वाधिक बुरा प्रभाव संभाग के सुकमा जिले में देखने को मिला है, जहां कई गांवों का संपर्क जिला एवं विकासखंड मुख्यालयों से कट गया है। नेशनल हाईवे -30 समेत कई प्रमुख मार्गों के पुल पुलियों के ऊपर से बाढ़ का पानी बह रहा है। इस वजह से यात्री बसें एवं अन्य वाहन जगह जगह फंसे हुए हैं। दो दर्जन से ज्यादा कच्चे मकान ढह गए हैं। वहीं नारायणपुर एवं कांकेर जिलों में भी बीती रात से लगातार झमाझम बारिश हो रही है। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के प्रभाव से बस्तर संभाग में फिर से तेज बारिश का दौर लौट आया है। संभाग के सुकमा जिले में सर्वाधिक बरसात दर्ज की गई है। जिले में दो दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

**कई नदियां उफान पर**

सुकमा जिले की शबरी व चकाबुका नदियां उफान पर हैं। कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय और विकासखंड मुख्यालयों से टूट गया है। चितलनार गांव में दो दर्जन से ज्यादा कच्चे मकानों के ढह जाने की खबर है। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग 30 कई जगह से बाधित हो गया है। दर्जनों यात्री बस, ट्रक, कार, पिकअप समेत कई वाहन फंस गए हैं। हालांकि सोमवार सुबह से बारिश थम गई है, लेकिन हालात अब भी बदतर नजर आ रहे हैं। एक दिन पहले रविवार को छिंदगढ़ ब्लाक के चिंतलनार गांव को चकाबुका नदी में आई बाढ़ ने टापू में तब्दील कर दिया। नदी में आई भारी बाढ़ का पानी घरों तक पहुंच गया। दर्जनों परिवारों ने गांव के पंचायत भवन में शरण ले रखी है। हालांकि पुलिस व प्रशासन के अधिकारी रात में ही वहां पहुंच गए थे, लेकिन रात गहरा जाने और तेज बहाव के कारण फंसे ग्रामीणों का रेस्क्यू नहीं किया जा सका।

**सुकमा में जल भराव**

वही सोमवार सुबह से ही जिला मुख्यालय सुकमा में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। सुकमा के राम मंदिर मस्तान पारा, पावरास, गीदम नाला, शबरी नगर के कई हिस्सों में पानी घुस गया है। जिला भाजपा कार्यलय में भी पानी घुस गया है। वही शबरी वार्ड में भी कई घरों में पानी घुस गया है। नगर पालिका और जिला प्रशासन की टीम लगातार वार्डों का निरीक्षण कर रही है।

**राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित**

लगातार हो रही बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पूरी तरह बाधित हो गया है। सुकमा जिला मुख्यालय के पास स्थित गीदम नाला में सडक़ पर पानी आ गया। कई यात्री बस व वाहन फंस गए हैं। वही दुबाटोटा के पास भी नदी का पानी सडक़ पर आ गया है जिससे आवागमन बाधित हो गया। जिले की जीवनदायिनी शबरी नदी उफान पर है। रविवार देर शाम से झापरा पुल के ऊपर से नदी का पानी बहने लगा। झापरा पुल के ऊपर करीब 8 फ़ीट पानी बह रहा है जिसके कारण दो दर्जन पंचायतों समेत ओडिसा से संपर्क टूट गया है। यही हाल कोकराल स्थित पुल का भी है, जहां नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है पुलिस ने एतिहात बरतते हुए आवागमन बंद करा दिया है। सोमवार सुबह से बारिश थम गई है, लेकिन हालात सुधर नहीं पाए हैं। जिले में हो रही भारी बरसात के कारण कलेक्टर हरिस एस. ने 9 सितंबर को जिले के सभी शासकीय अशासकीय और अनुदान प्राप्त स्कूलो का अवकाश घोषित किया है।

## मादा चीतल का शिकारी मांस सहित पकड़ाया

**गरियाबंद | आरएनएस**



मादा चीतल का शिकार कर उसका मांस अपने परिजनों को देने और स्वयं मांस रखने के चलते आरोपी को मांग सहित पकड़ा गया।घटना के विषय में मिली जानकारी अनुसार 7 सितंबर को गुप्त सुचना मिलने के आधार पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी रायपुर छ.ग.सुधीर अग्रवाल एवं मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर छ.ग विश्वेश कुमार झा और उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद लक्ष्मण सिंह और वरूण जैन के मार्गदर्शन में 7 सितंबर को ग्राम जुगाड़ निवासी घनश्याम पिता मनीराम जाति गोड़ के द्वारा उत्तर उदंती परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 85 पाटाबहाल नाला छापरमाटी (नमक मिट्टी) के पास तीन-चार दिन पूर्व एक मादा चीतल का शिकार कर उसका कच्चा मांस को अपने कुल्हाड़ी से काटकर घर ले जाकर आग के आंच से भुनकर रखा हुआ था बाकी कच्चा मांस को अपने रिश्तेदार को बांट दिया गया था।वन विभाग की टीम द्वारा घनश्याम के घर से आग के आंच से भुना हुआ 2 किलो 875 ग्राम चीतल मटन बरामद किया गया।जिसे मौके पर जप्त किया गया और घनश्याम पिता मनीराम जाति गोड़ को विस्तृत पूछताछ के लिए मैनपुर लाया गया।वही 8 सितंबर को आरोपी घनश्याम को घटना स्थल का सिनाख्त के लिए कक्ष क्रमांक 85 ले जाया गया जहां वन्यप्राणी चीतल का शिकार हुआ था।आरोपी घनश्याम पिता मनीराम जाति गोड़ के द्वारा चीतल का अवैध शिकार करना एवं कच्चा मांस को कुल्हाड़ी से काटकर घर ले जाकर रखने का वन अपराध स्वीकार करने पर उनके विरुद्ध पी.ओ.आर. क्रमांक 199/03,, 8 सितंबर वन अपराध पंजीबद्ध किया गया।आरोपी घनश्याम पिता मनीराम जाति गोड़,ग्राम जुगाड़ के द्वारा वर्ष 2014 में एक नग चीतल को मारकर खाने का वन अपराध क्रमांक 3158/01 दिनांक 13 अगस्त 2014 दर्ज हैं।आरोपी वन्यजीवों का शिकार करने का आदतन अपराधी है। विवेचना अधिकारी गंगाराम ठाकुर वनपाल सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जुगाड़ के द्वारा आरोपी घनश्याम पिता मनीराम जाति गोड़ उम्र 56 वर्ष ग्राम जुगाड़ का न्यायालयीन कार्यवाही के अंतर्गत वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा के तहत गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।इस कार्यवाही में एन्टीपोचिंग नोडल गोपाल कश्यप,देवनारायण सोनी वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उदंती (मैनपुर),राकेश परिहार वन परिक्षेत्र अधिकारी तौरेंगा,दानवीर चिण्डा,गंगाराम ठाकुर पुनाराम साहू,मनोज ध्रुव, टकेश्वर देवागन,सुर्यदेव जगतवंशी,अनुप जांगडे,विरेन्द्र ध्रुव,भूपेन्द भेडिया, फलेश्वर दीवान,योगेश दिवान, रिंकी जोशी एवं सुरक्षा श्रमिकों का योगदान रहा।

## मोबाइल खरीदने मां ने नहीं दिया पैसा, नाबालिग ने लगाई फांसी

**जशपुर-रायपुर (आरएनएस)।** मोबाइक खरीदने के लिए मां द्वारा पैसा न देने से नाराज एक नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। सूत्रों ने बताया कि मामला पत्थलगांव थाना क्षेत्र के कछार बरपारा का है. जानकारी के मुताबिक, यहां निवासरत इलूश कुजूर की 15 साल की बेटी अपनी मां से कई दिनों से नया मोबाइल फोन दिलाने की मांग कर रही थी. मगर, मां ने घर की समस्याएं बताकर बेटी की बात को टाल दिया करती थी. बेटी ने फिर से नए मोबाइल की डिमांड कर दी. फिर मां ने मना कर दिया और कहा कि अभी खेती किसानी में पैसा खत्म हो गया है. जब धान बिक्री हो जाएगी, तब नया मोबाइल खरीद दूंगी. नाराज पुत्री ने घर से महज दुर चली गई और कोशम की पेड़ में ओढऩी का फंदा डालकर फांसी पर झूल गई. रात में परिवार के लोग घर में बेटी को नहीं देखा, सुबह देखा तो घर से दूर एक पेड़ से फांसी के फंदे पर उसकी लटकी हुई लाश मिली. जिसे देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। मामले में पत्थलगांव एसडीओपी जायसवाल ने बताया कि कछार बरपारा में नाबालिग ने मोबाइल की मांग पूरी न होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है.

## कलेक्टर धर्मेश साहू ने नागरिकों के आवेदन निराकरण के लिए स्वीकार किए

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



जिले के नागरिकों ने प्रत्येक सोमवार को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर धर्मेश साहू से मुलाकात कर अपनी मांग और शिकायत प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से उनके मांग और शिकायत की आवेदन स्वीकार कर उस पर कार्यवाही क़े लिए संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया है। कलेक्टर को मिले आवेदनो में, अतिक्रमण कर ग्राम गोडम के आम रास्ता में किए गए निर्माण पर कार्यवाही, नया पेंशन, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड बनाने, पटवारी को हटाने, पीएम आवास, शौचालय निर्माण, रंगमंच स्वीकृति और रेंजरपारा सारंगढ़ के ग्राहकों को बिजली बिल ज्यादा आने की शिकायत, बिजली कटौती में सुधार करने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## सड़क हादसे में एक की मौत, चार घायल

**कोंडागांव-रायपुर | आरएनएस**

नेशनल हाइवे 30 में बड़ा सडक़ हादसा हो गया। यहां ट्रक और कार में आमने सामने से टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। एक्सीडेंट में कार के पीछे आ रहा एक दोपहिया वाहन भी चपेट में आ गया, जिस पर सवार लोगों को चोट आई। मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे 30 में फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरगांव के समीप ट्रक और कार में आमने सामने से टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी खतरनाक थी की कार के पीछे चल रही दोपहिया वाहन भी इसकी चपेट में आ गया। हादसे में कार चालक रायपुर निवासी विजय चैतवानी की मौत हो गई। कार में सवार दो महिला और दो बच्चे घायल हो गए। स्कूटी में सवार तीन लोगों को भी चोट आई है। घायलों का उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज किया गया।

## नाले में बहकर एक व्यक्ति की मौत

**भिलाई | आरएनएस**

जिले के भिलाई में सोमवार को तेज बारिश के कारण नाले के बहाव में बहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना सुपेला घड़ी चौक की है जहां नाले में बारिश के कारण पानी भरा हुआ था और शख्स को नाले का अंदाजा ही नहीं हुआ। देखते ही देखते वह बह गया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने उसे निकालने का प्रयास किया लेकिन वह हाथ नहीं आया। हादसे के बाद पानी के बहाव के कारण शख्स का कुछ पता नहीं चला। बहाव कम होने के बाद दूसरी छोर से शख्स को निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सुपेला घड़ी चौक पर हाइवे किनारे लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स के सामने बह रहे नाले में सोमवार शाम को तेज बारिश के कारण उफ ान आ गया। देखते ही देखते सडक़ पर पानी भर गया। भारी बारिश के बाद भी लोग निकल रहे थे। इस दौरान एक शख्स गहरे नाले में समा गया और तेज बहाव में बह गया। बहाव इतना तेज था कि मौके पर मौजूद लोग प्रयास करने के बाद भी उसे निकाल नहीं पाए। काफ ी तलाश के बाद भी शख्स का पता नहीं चला। लगभग एक घंटे से भी ज्यादा देर के बाद जब बहाव थोड़ा कम हुआ तो शख्स दिखा। आसपास जमा लोगों ने उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। फिलहाल मृतक की पहचान नही हो पाई है।

## कलेक्टर धर्मेश साहू ने ली स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के लिए बैठक



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सोमवार को अपरान्ह में ''स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान: स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' विषय पर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। यह आयोजन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अगुवाई में किया गया। कलेक्टर ने सरकारी संस्थाओं, विभागों, सामाजिक संस्थाओं, स्कूलों, कालेजों, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, नागरिकों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, स्वच्छता दीदियों, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को कहा कि वे स्वच्छता को स्वभाव में शामिल कर उदाहरण प्रस्तुत करें।

कलेक्टर धर्मेश साहू ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना, स्वच्छता को बढ़ावा देने पर जोर और स्वच्छता को एक संस्कार के रूप में अपनाना है। अभियान को सफल बनाने के लिए नारा लेखन प्रतियोगिता, रैली, सफाई अभियान, नुक्कड़ नाटक आदि माध्यमों से जनजागरूकता किया जाएगा। अपने आसपास को स्वच्छ बनाने में अपने महती योगदान देने की जरूरत है। इस अभियान के अंतर्गत स्कूल, कॉलेजों सहित सभी सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों और सफाई अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान एक राष्ट्रव्यापी स्वच्छता पहल है, जो एक पखवाड़े तक 17 सितंबर, 2024 से शुरू होकर 2 अक्टूबर 2024 संचालित होगा। कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों, किसानों, महिलाओं और व्यापारियों से अपील किया है कि वे राष्ट्र को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य को पूरा करने में अपने आसपास को स्वच्छ रखकर इस मिशन को सफल बनाने में आपस में सहयोग करें और स्वच्छ भारत के परिकल्पना को साकार करें। इस अवसर पर पंचायत, नगरीय निकाय, स्कूल शिक्षा, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास आदि विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान का एक दशक पूरा हो गया है। यह एक पहल है जो वर्ष 2014 में अपनी शुरुआत के बाद से गांधी जयंती के अवसर पर प्रत्येक वर्ष मनाई जाती है।

## दूर हुई नाला जाने की कहानी, नल से घर पर आने लगा पानी

- अब किस्मत को नहीं कोसती पहाड़ी कोरवा हीरा बाई..

**कोरबा | आरएनएस**



पहाड़ी कोरवा हीरा बाई को वह दिन आज भी भलीभांति याद है,जब एक मटके पानी के लिए उन्हें घर से बाहर जंगल की ओर रूख करना पड़ता था। पानी की यह जद्दोजहद उन्हें इस तरह परेशान किया करती थी कि वह अपनी किस्मत को कोसते हुए कुछ दूर जंगल पर स्थित नाले में जाती थी और वहाँ से पानी लाकर घर का जरूरी काम निपटाती थी। एक दिन उसके गाँव से होकर पक्की सडक़ बनी,लेकिन पानी के लिए उम्मीद लगाई हीरा बाई को पहले जैसे ही समस्याओं के बीच दिन काटना पड़ा। न पानी की व्यवस्था हुई, न नल का कनेक्शन मिला। वह अपने छोटे बच्चों को लेकर नाला जाती और वहीं खतरों के बीच नहलाती थी। अब जबकि घर के पास ही सोलर ड्यूल पम्प लग गया है और घर में ही नल का कनेक्शन मिल गया है तो पहाड़ी कोरवा हीरा बाई अपनी किस्मत को नहीं कोसती। वह कहती है कि नल कनेक्शन लगने और पानी घर पर आने से उसे नाला जाना नहीं पड़ता। घर पर ही नल से बहती धार से पानी मिल जाती है।

कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम कोराई में रहने वाली पहाड़ी कोरवा हीरा बाई का बड़ा परिवार है। वर्षो से वे सभी जंगल के करीब रहते आए हैं। लंबे समय से नालों का पानी पीते आए इस पहाड़ी कोरवा परिवार को अपने घर के पास सोलर ड्यूल पम्प के माध्यम से नल लग जाने से बहुत राहत मिली है। पहाड़ी कोरवा हीरा बाई ने बताया कि घर के सभी सदस्य अब घर के नल से ही पानी पीते हैं। घर में अन्य छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी पानी उपयोग में आता है। उन्होंने बीते हुए दिनों की समस्याओं को बताते हुए कहा कि नल नहीं लगने से पहले उनकी जिंदगी कठिनाई के बीच कटती थी। सबसे ज्यादा समस्या पानी को लेकर ही बना रहता था। सुबह होते और शाम ढलने से पहले तक नालों का चक्कर काटना पड़ता था। बारिश के दिनों में नाले से पानी लाना और भी कठिन बन जाता था, क्योंकि नाला उफान पर होने के साथ पानी गन्दा भी हो जाता था। हीरा बाई ने बताया कि जब से सोलर पम्प लगा है उनके साथ ही गाँव के अन्य महिलाओं की बड़ी समस्या दूर हो गई है। उन्हें नल से साफ पानी मिलने के साथ नाले तक दौड़ नहीं लगानी पड़ती। उन्होंने जल जीवन मिशन से घरों तक पहुँचने वाले नल कनेक्शन और पानी की उपलब्धता को दूर दराज में रहने वाले ग्रामीणों के लिए वरदान बताया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU